दूरभाष 07775 - 266117 (कार्यालय)
फैक्स 07775 - 266155 (कार्यालय)

# कार्यालय कलेक्टर (उप–संचालक पंचायत), सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक / 4934 वित्त स्था0 / 2015 सूरजपुर, दिनांक 26 / 08 / 2015

## //विज्ञापन//

कार्यालय पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़ 36 C III ब्लाक II व्दितीय तल , इन्द्रावती भवन नया रायपुर के पत्र कमांक स्था / 248 / 2015 / 201 नया रायपुर दिनांक 27–5–2015 व्दारा उप–संचालक पंचायत जिला कार्यालयों में सहायक वर्ग –03 के निम्नानुसार रिक्त पदों में भर्ती किये जाने हेतु जिला सूरजपुर के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पात्रता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 14-9-2015 समय सांय 05.00 बजे तक जिला कार्यालय सूरजपुर (वित्त–शाखा) के पते पर भेज सकते है। उक्त दिनांक के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

| क्र. | रिक्त पद का नाम | कुल रिक्त पद | आरक्षण का विवरण | | | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनारक्षित | | |
| | | | मु0 | म0 | मु0 | म0 | मु0 | म0 | मु0 | म0 | |
| 1 | सहायक ग्रेड–3 | 02 | – | – | 01 | – | – | – | 01 | – | 02 |

**पद की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान निम्नानुसार है :–**

| क्र0 | स्वीकृत पदों का नाम | वेतनमान | पात्रता की शर्तें |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक ग्रेड–3 | 5200–20200 ग्रेड वेतन 1900 | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण पत्र तथा,<br>3. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)। |

**नियम व शर्तें :–**

1. शासन व्दारा निर्धारित आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।
2. विज्ञापित पदों की संख्या में कमी / वृद्धि की जा सकती है।
3. भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई विवाद होने पर अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
4. इस कार्यालय में की जाने वाली नियुक्तियॉ रिट पीटीशन कमांक (सी) 591 / 2012,592 / 2012,593 / 2012एवं 594 / 2012 में माननीय न्यायालय व्दारा पारित किए जाने वाले अंतिम आदेश / निर्णय के अध्यधीन होगा।
5. अभ्यर्थी को जिला सूरजपुर (छ0ग0) का मूल निवासी होना आवश्यक है।
6. दिनांक 01 / 01 / 2015 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला वर्ग के लिए आयु सीमा में छूट शासन के नियम व शर्तों के अनुसार रहेगी। आयु के संबंध में हाई स्कूल का प्रमाण पत्र अथवा अंक सूची जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, संलग्न करना होगा।
7. इस विज्ञापन के प्रकाशन के पूर्व का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
8. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य होगा।

10. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी, जिन अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी उसे प्राथमिकता दी जावेगी।
11. कौशल परीक्षा की तिथि एवं समय की सूचना पृथक से दी जावेगी।
12. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति दो वर्ष की परीवीक्षा अवधि पर की जावेगी।
13. किसी भी उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा।
14. अपूर्ण अस्पष्ट तथा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र के संबंध में पृथक से कोई सूचना जारी नहीं की जावेगी एवं ऐसे समस्त आवेदन अमान्य कर दिये जावेंगे।
15. प्रमाण पत्रों को परीक्षण के समय आवेदक को अपना शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।
16. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी एवं संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
17. कोई भी उम्मीदवार जिन्हें विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो तो वह नियुक्ति के लिए अपात्र होगा।
18. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26/01/2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
19. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, आवेदक का नाम एवं आवेदित पद का वर्ग एवं पता स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पांच रूपये का डाक टिकट लगा हुआ दो लिफाफा (10X4) जिसमें आवेदक के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता स्पष्ट रूप से लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
20. किसी विवाहित महिला उम्मीदवारों द्वारा अपने नाम/उपनाम में परिवर्तन किया गया हो, तो परिवर्तन संबंधी दस्तावेज/शपथपत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
21. उम्मीदवार द्वारा नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा कर उसे स्वंय द्वारा अभिप्रमाणित कराया जाकर आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।
22. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा।
23. निर्धारित प्रपत्र में भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित **कलेक्टर सूरजपुर (वित्त–शाखा), जिला सूरजपुर (छत्तीसगढ़)** के पते पर पंजीकृत डाक से दिनांक 14-9-2015 के सांय 05.00 बजे तक प्राप्त होना चाहिए। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
24. सहायक ग्रेड–3 के पदों के लिए उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच पश्चात अर्हताधारी उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के मेरिट आधार पर आवेदनों की शार्ट लिस्टिंग (संक्षिप्त सूची) तैयार कर उस क्रम के अनुसार रिक्त पदो के श्रेणीवार 10 गुणा उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची तैयार किया जाकर कम्प्युटर टायपिंग प्रायोगिक परीक्षा के लिये कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा।
25. उम्मीदवारों का चयन शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त 60 अंक तथा प्रायोगिक परीक्षा में प्राप्त 40 अंक को जोड़कर मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी, इसी के आधार पर उम्मीदवार का चयन किया जायेगा, तदोपरान्त शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक व प्रायोगिक परीक्षा प्राप्तांको के आधार पर अंतिम सूची जारी की जावेगी। चयन हेतु अभ्यर्थी को पात्रता/अपात्रता के सबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति को होगा।
26. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है। अतएव नियुक्ति की शर्तो के अनुसार किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकती है।
27. किसी भी कर्मचारी की सेवायें या तो कर्मचारी व्दारा नियुक्त अधिकारी को या नियुक्त अधिकारी व्दारा कर्मचारी को 01 माह के पूर्व सूचना देकर अथवा 01 माह का वेतन भुगतान कर किसी भी समय समाप्त की जा सकेगी।

**नियुक्ति के लिये अपात्रता**

1– पुरुष अभ्यर्थी जिसके एक से अधिक पत्नियॉ जीवित हो, इसी प्रकार महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसके पहले से एक पत्नी जीवित हो। ऐसे मामले में शासन ही निर्णय ले सकेगा, अर्थात यदि शासन को इस बात का समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह ऐसे प्रतिवंध से छूट दे सकता है।

2– ऐसे अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के अपराध का दोषी ठहराया गया हो।

3– अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु सीमा के पूर्व विवाह कर लिया हो।

4–अभ्यर्थी जिसके दो से अधिक संतान है, जिसमें एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो।

5– अभ्यर्थी को शारीरिक तथा मानसिक रुप से स्वस्थ नहीं पाया जाए।

6–अभ्यर्थी किसी ऐसे अपराध का दोषी ठहराया गया हो जिसमें नैतकिता अन्तर्वलित हो।

7–अभ्यर्थी जो कि छ0ग0सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम 1961 के नियम 6 के अनुसार अपात्र हो।

8– चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी एवं सबंधित अभ्यर्थी के विरुध्द वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**आवेदन प्रस्तुत करने की प्रकिया**

1–आवेदन पत्र इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारुप में ही ए–4 साईज के पेपर में प्रस्तुत करें,अन्य प्रारुप में आवेदन त्रुटिपूर्ण आवेदन अथवा अस्पष्ट आवेदन होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जायेगा।

2– किसी विवाहित महिला उम्मीदवारों व्दारा अपने नाम/उपनाम में परिवर्तन किया गया हो, तो परिवर्तन सबंधी दस्तावेज /शपथ पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3–उम्मीदवार व्दारा नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा कर उसे स्वतः अभिप्रमाणित कर तथा एक फोटो पृथक से चस्पा कर आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4–अंतिम तिथि 14-9-2015 को सांय 5.00 बजे तक पंजीकृत या स्पीड पोस्ट व्दारा प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण पत्रों को स्वतः सत्यापन कर संलग्न करना आवश्यक होगा।

5–अभ्यर्थी को स्वंय का पता लिखा दो लिफाफा पॉच रुपये का डाक टिकिट लगा कर अनिवार्य रुप से आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।

कलेक्टर 26/8/15
सूरजपुर (छ0ग0)

क्रमांक / 4934 / वित्त स्था0 / 2015 सूरजपुर, दिनांक 26/08/2015

प्रतिलिपि–

1– संचालक, पंचायत संचालनालय ,छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन नया रायपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2– आयुक्त सरगुजा संभाग अम्बिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

3– प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0 सूरजपुर को वेवसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

4– जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला सूरजपुर को सूचनार्थ एवं प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ अग्रेषित।

कलेक्टर 26/8
सूरजपुर (छ0ग0)
26/8/15

नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो स्वतः अभिप्रमाणित कर चिपकायें

# आवेदन पत्र का प्रारूप

सहायक ग्रेड–3 के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।

प्रति,

कलेक्टर, (वित्त–शाखा)
जिला सूरजपुर (छ0ग0)

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– .....
2. (अंग्रेजी के ब्लाक लेटर में) :– .....
3. पिता/पति का नाम :– .....
4. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :– .....
5. स्थायी पता :– .....
6. क्या आवेदक जिला सूरजपुर (छ0ग0) का मूल निवासी है ? हॉ/नहीं :– .....
   (यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. जाति का विवरण जो लागू हो पर (✓) का निशान लगायें। (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग की दशा में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें।) :– अनारक्षित ( ) अनु0जाति ( ) अनु0ज0जा0 ( ) अ0पि0वर्ग ( )
8. लिंग (महिला/पुरूष) :– .....
9. जन्मतिथि (हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में दर्ज अनुसार) अंको में :– .....
   शब्दों में :– .....
10. दिनांक 01–01–2015 को आयु :– वर्ष ..... माह ..... दिन .....
11. जन्म स्थान :– ग्राम/नगर .....
    तहसील ..... जिला .....
    राज्य ..... पिन .....
12. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक/दिनांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम :– .....
13. क्या आप विवाहित हैं? हॉ/नहीं :– .....
    (यदि विवाहित हैं तो विवाह की तिथि)
14. जीवित बच्चों की संख्या :– .....

| क्र0 | नाम | जन्म तिथि | लिंग |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

15. क्या आवेदक विकलांग है? हॉ/नहीं :– .....
    (यदि हॉ तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी

प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

16. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है? हॉ/नहीं :– .....
(यदि हॉ तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

17. आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत हैं? हॉ/नहीं :– .....
(यदि हां तो कार्यालय प्रमुख की अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करें।)

18. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाना/न्यायालय में लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। :– .....
.....
.....
.....
.....
.....

19. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

20. अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में संलग्न प्रमाण पत्रों का विवरण :–

.....

**संलग्न :– सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची का विवरण :–**

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....
6. .....

आवेदक का हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं, एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैने विज्ञापित पात्रता शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास से इस आवेदन पत्र में दी गई प्रविष्टियां सत्य एवं सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी, तो मेरा आवेदन निरस्त किया जावेगा। परीक्षा में उत्तीर्ण एवं चयन के उपरांत भी मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जायेगी, जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा।

मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

स्थान :– .....

दिनांक :– .....

आवेदक का हस्ताक्षर

(नाम, पिता/पति के नाम सहित)